सुविचार

जीवन आईना है, उसमें आपका चेहरा नजर आता है। दोस्त बनकर रहिए। जिंदगी दोस्ती ही दिखलाई देगी।

ओशो

कुल पृष्ठ 18 | मूल्य ₹ 4.00

# दैनिक भास्कर

आप पढ़ रहे हैं देश का नंबर 1 अखबार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 28885.21 |
| पिछला | 28707.75 |
| सोना | 26,574 |
| पिछला | 26,864 |
| चांदी | 36,789 |
| पिछला | 37,937 |
| डॉलर | 62.24 |
| पिछला | 62.24 |
| यूरो | 67.01 |
| पिछला | 67.54 |

dainikbhaskar.com | शिमला | शुक्रवार 10 अप्रैल, 2015, वैशाख, कृष्ण पक्ष-6, 2072


**पहले गुड न्यूज**

### टाटा स्काई का 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च

**मुंबई** | टाटा स्काई ने 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च किया है। इससे एक दिन के लिए टाटा स्काई की सर्विस ली जा सकेगी। यह डीटीएच रिचार्ज का सबसे छोटा कूपन है। ऑफर में डीएक्टिवेटेड कस्टमर्स भी शामिल हैं।

**न्यूज इनबॉक्स**

### लिफ्ट में 5 मिनट तक फंसे रहे गृहमंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली** | गृहमंत्री राजनाथ सिंह लिफ्ट में फंस गए। वे शौर्य दिवस के मौके पर सीआरपीएफ हेडऑफिस में एक कार्यक्रम में आए थे। 5 मिनट के बाद उन्हें लिफ्ट की छत के रास्ते निकाला गया। लिफ्ट की क्षमता 3 लोगों की ही थी। जबकि उसमें 4 सवार थे।

### रिलायंस ने लॉन्च किया वाट्सएप की तरह जीयो चैट

**नई दिल्ली** | रिलायंस ने वाट्सएप की तरह जीयो चैट को लॉन्च किया है। यह एंड्रायड और ओएस फ्लेटफॉर्म पर भी चलेगा। कंपनी मुफ्त में एसएमएस करने का ऑफर भी दे रही है।

### बीएसएफ को मिले दो एम आई-17 हेलीकॉप्टर



**नई दिल्ली** | बीएसएफ को दो अत्याधुनिक एम आई-17 हेलीकॉप्टर मिले हैं। साल के अंत तक बीएसएफ को इस तरह के 6 और हेलीकॉप्टर दिए जाएंगे। साथ ही सरकार पायलटों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है।

### सूरत जेल में नारायण साई को कैदी ने जड़ा थप्पड़

**सूरत** | दुष्कर्म मामले के आरोपी नारायण साई को सूरत की जेल में एक कैदी ने थप्पड़ जड़ दिया। घटना बुधवार देर शाम लाजपोर जेल में हुई। जेल में नार्कोटिक्स मामले में सजायाफ्ता कैदी बबलू ने थप्पड़ मारा।

### कनाडा में सिख समूह ने की मोदी पर मुकदमे की मांग

**टोरंटो** | पीएम नरेंद्र मोदी की कनाडा यात्रा से पहले एक सिख समूह ने 2002 के गुजरात दंगों के सिलसिले में आपराधिक मुकदमा चलाने की मांग की है। सिख्स फॉर जस्टिस समूह मोदी की यात्रा का विरोध कर रहा है।

### मूडीज ने भारत की रेटिंग को 'पॉजिटिव' किया

**नई दिल्ली** | क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज का भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा बढ़ा है। एजेंसी ने देश का क्रेडिट आउटलुक 'पॉजिटिव' कर दिया है। कहा कि 18 महीनों में भारत की सॉवरिन रेटिंग भी सुधार सकती है। विस्तृत पेज-7

### लाहौर हाईकोर्ट ने लखवी की रिहाई के आदेश दिए

**लाहौर** | मुंबई हमले का मास्टरमाइंड लखवी जल्द रिहा होगा। पाक सरकार ने उसके खिलाफ संवेदनशील सबूत कोर्ट में पेश नहीं किए। लाहौर हाईकोर्ट ने उसे हिरासत में रखने का आदेश निलंबित कर दिया।

## बनारस के संकटमोचन मंदिर में उस्ताद गुलाम अली ने बरसाया ठुमरी का रस





**वाराणसी** | बनारस की रगों में कई रस घुले हैं। बुधवार रात गंगा-जमुनी संस्कृति का रस बहा। मौका था-संकट मोचन मंदिर में बुधवार को छह दिवसीय संगीत समारोह के उद्घाटन का। समारोह में पाकिस्तानी गायक उस्ताद गुलाम अली ने गजलों से श्रोताओं को सराबोर किया तो पंडित हरिप्रसाद चौरसिया ने बांसुरी वादन से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में पंडित जसराज, विश्वमोहन भट्ट, सुरेश वाडकर, राजन-साजन मिश्र, रोनू मजूमदार, भजन सोपोरी जैसे दिग्गज कलाकार भी हिस्सा लेंगे।

### मस्जिद में गाऊं या मंदिर में, क्या फर्क पड़ता है : गुलाम अली

संकट मोचन में पहली बार गाने आया हूं। मैं फनकार हूं। गाना मेरा काम है। मस्जिद में गाऊं या मंदिर में, क्या फर्क पड़ता है।

**(कार्यक्रम की शुरुआत से एक दिन पहले)**

## करोड़ों रुपए के सत्यम घोटाले में आया फैसला

# राजू को 7 साल की जेल, 5 करोड़ रु. का जुर्माना

### नौ अन्य आरोपियों को भी सीबीआई कोर्ट ने सुनाई 7 साल की कैद

**एजेंसी | हैदराबाद**

सत्यम कम्प्यूटर घोटाले में रामालिंगा राजू समेत सभी 10 आरोपियों को सात-सात साल कारावास की सजा सुनाइ गई है। इसके साथ ही राजू और उसके भाई पर पांच-पांच करोड़ रुपये का भारी जुर्माना भी किया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की चौथी बड़ी कंपनी रही सत्यम कम्प्यूटर सर्विसेज लिमिटेड (एससीएसएल) में हुये देश के सबसे बड़े कॉर्पोरेट घोटाले के वर्ष 2009 में पर्दाफाश होने के बाद पूरी दुनिया का उद्योग जगत थर्रा गया था।

मामले की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश बी.वी. एल.एन. चक्रवर्ती ने कंपनी के पूर्व अध्यक्ष बी. रामिलगा राजू समेत सभी 10 आरोपियों को सात-सात साल कारावास की सजा सुनाई। रामालिंगा राजू और उसके भाई रामा राजू पर पांच-पांच करोड़ रुपए जबकि शेष अन्य आठ आरोपियों पर 25-25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। गौरतलब है कि इस मामले में रामालिंगा राजू 10 जनवरी 2009 से 19 अगस्त 2010 तक जेल में रहे। उसे अगस्त 2010 में हैदराबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। सुप्रीम कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद वह पुनः 10 नवंबर 2010 से पांच नवंबर 2011 तक जेल में रहा। अभी सभी आरोपी जमानत पर थे।

**किस-किस को मिली सजा**

- रामलिंगा राजू (कंपनी के संस्थापक और तत्कालीन अध्यक्ष)
- बी रामा राजू (रामलिंगा के भाई और सत्यम के पूर्व प्रबंध निदेशक)
- वदलामणि श्रीनिवास (पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी)
- सुब्रमणि गोपालकृष्णन (पूर्व पीडब्लूसी ऑडिटर)
- टी श्रीनिवास (पूर्व पीडब्लूसी ऑडिटर)
- बी सूर्यनारायण राजू (रामलिंगा का एक अन्य भाई)
- जी रामकृष्ण (पूर्व कर्मचारी)
- डी वेंकटपति राजू (पूर्व कर्मचारी)
- श्रीसाईलम (पूर्व कर्मचारी)
- वी एस प्रभाकर गुप्ता (सत्यम के पूर्व आंतरिक मुख्य ऑडिटर)



**क्या है मामला**

आमदनी बढ़ा चढ़ाकर दिखाने, खाता में हेरफर, फर्जी सावधि जमा के साथ ही विभिन्न आयकर कानूनों का उल्लंघन करने के सिलसिले में राजू और अन्य पर आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत गलत रिटर्न भरने, फर्जीवाड़ा, आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात का मामला दर्ज किया गया था।

**राजू : स्पिनिंग मिल से जेल तक...**

- आंध्रप्रदेश के कृषक परिवार के सदस्य रामालिंगा राजू का पहला कारोबार था स्पिनिंग, वीविंग मिल। कंपनी का नाम था श्री सत्यम।
- 1987 में 20 कर्मचारियों के साथ मिलकर सत्यम कंप्यूटर बनाई। 1992 पब्लिक लिमिटेड कंपनी बनी और फिर बीएसई, एनएसई, एनवायएसई में लिस्टेड हुई।
- घोटाला सामने आने के समय कारोबार 66 देशों में फैला था। कंप्यूटर सॉल्यूशन के बाजार में तेजी से जगह बनाने वाले सत्यम कंप्यूटर्स को 2002 में एशिया बिजनेस लीडर का सम्मान मिला।
- सत्यम पर 2001 और 2003 में भी धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई थी। तब शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। वर्ल्ड बैंक ने लेन-देन पर आठ साल की पाबंदी लगाई थी।
- सत्यम भारत की आईटी कंपनियों में चौथे स्थान पर थी। घोटाला सामने आया तो भारत की सबसे कम कीमत वाली आईटी कंपनी हो गई। शेयर धड़ाम से गिर गए थे।
- जुलाई 2009 में नीलामी में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने खरीदा तो नाम हुआ महिंद्रा सत्यम। 21 मार्च, 2012 को दोनों कंपनियों के बोर्ड की मंजूरी के बाद टेक महिंद्रा में महिंद्रा सत्यम का विलय हो गया।

**राजू ब्रदर्स और अन्य को इन धाराओं के तहत हुई सजा**

**120बी:** आपराधिक षडयंत्र की सजा के प्रावधान की इस धारा के तहत अपराध का षडयंत्र रचने के दोषी पाए गए अभियुक्त को उतनी ही सजा दी जा सकती है जितनी की सीधे उस अपराध को अंजाम देने वाले अभियुक्त को।

**409:** यह धारा आपराधिक विश्वासघात से जुड़ी है। जनसेवक, व्यापारी, एजेंट या बैंककर्मी द्वारा आपराधिक विश्वासघात करने पर दस साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है।

**420:** धोखाधड़ी और बेइमानी से संबंधित इस धारा के तहत अधिकतम सात साल तक की सजा सुनाई जा सकती है।

## विपक्ष के हंगामे के बीच खेल विधेयक पास

### सरकार पर एचपीसीए को हथियाने के आरोप, विपक्ष ने किया वॉकआउट

**भास्कर न्यूज | शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में भारी हंमागे के बीच राज्य सरकार ने खेल विधेयक को पारित कर दिया। इस विधेयक को सीएम वीरभद्र सिंह ने चर्चा के लिए रखा। इस दौरान विधायक सुरेश भारद्वाज ने इसे खेल, खिलाड़ियों और हिमाचल के हितों के खिलाफ करार दिया। रविंद्र रवि ने भी विरोध किया। धर्मशाला खेल मैदान और रोहड़ू में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के मसले पर दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष इस मसले पर एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे। चर्चा के दौरान भाजपा अध्यक्ष सतपाल सत्ती की एक बात के जवाब में विधानसभा उपाध्यक्ष की टिपण्णी पर विपक्ष पूरी तरह से बिफर गया। इसी दौरान विधेयक को पास करने के लिए रखा गया। इसके विरोध में विपक्ष नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गया। एक तरफ वेल में खेल विधेयक और सरकारी गुंडे नहीं चलेंगे के नारे लगते रहे, वहीं दूसरी तरफ सत्ता पक्ष की ओर से खेल विधेयक को पास कर दिया गया।

**क्यों लाना पड़ा हिमाचल का खेल विधेयक**

- अभी तक खेल संघों को रेगुलेट करने का कोई नियम नहीं
- खेल संघों का गठन लोकतांत्रिक तरीके से करवाने के लिए
- खेल संघों को पंजीकृत करने का कार्य पंजीयक करेंगे
- हर खेल संघ को अपना संविधान तैयार करना होगा
- खेल संघों के चुनाव पर्यवेक्षक की मौजदूगी में होंगे
- खेल संघों को राज्य और जिला स्तर की प्रतियोगिताएं करवाना होगा

### ...तो सरकार वापस लेगी सरकारी जमीन



वीरभद्र सिंह ने कहा, खेल बिल के तहत सभी खेलों को लाया गया है। किसी एक खेल के खिलाफ यह विधेयक नहीं है। एचपीसीए का मामला कोर्ट में है। इसमें यदि कंपनी बनती है तो राज्य सरकार जमीन वापस लेगी। एसोसिएशन हुई तो सभी खेल संघों के साथ आना ही है।

### सरकार की मंशा ठीक नहीं : धूमल



नेता प्रतिपक्ष प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि वीरभद्र सरकार की इस खेल बिल को लाने की मंशा ठीक नहीं है। यह खिलाड़ियों, खेल, युवा और प्रदेश के हितों के खिलाफ है। इसके खिलाफ राज्य के खेल संघ न्यायालय जा सकते हैं।

### ट्राई ने घटाई रोमिंग की दरें, अब 80 पैसे प्रति मिनट से ज्यादा नहीं लगेगी रोमिंग

**नई दिल्ली** | जहां एक तरफ कुछ समय पहले तक रोमिंग को फ्री करने की बात हो रही थी, वहीं ट्राई ने रोमिंग की दरों में कटौती कर दी है। ट्राई ने कहा, अब आउटगोइंग कॉल पर 80 पैसे प्रति मिनट से ज्यादा नहीं लगेगी रोमिंग। वहीं इनकमिंग रोमिंग 45 पैसे प्रतिमिनट से कम रखने की घोषणा की है। रोमिंग पर लोकल एसएमएस 25 पैसे का और एसटीडी एसएमएस 1 रुपए का हो गया है। रोमिंग पर इंटर सर्किल कॉल 1.15 रु. प्रति मिनट का कर दिया गया है।

वर्तमान में लोकल आउटगोइंग कॉल के लिए 1 रुपया, एसटीडी कॉल का 1.50 रु. प्रति मिनट लगता है। इनकमिंग कॉल के लिए 75 पैसा प्रतिमिनट के हिसाब से चुकाना पड़ता है। अब तक लोकल एसएमएस के लिए 1 रु., एसटीडी मैसेज के लिए 1.50 रु. प्रति एसएमएस चुकाना पड़ता है। नई दरें 1 मई से लागू होंगी।

**अमेरिका ने कहा**

## पाक को मिसाइलें सिर्फ आतंक से लड़ने के लिए

**वॉशिंगटन** | अमेरिका ने पाकिस्तान को युद्धक हेलीकॉप्टर और मिसाइलें बेचने के करीब एक अरब डॉलर के प्रस्तावित सौदे का बचाव किया है। उसने कहा है कि इस बिक्री से पाकिस्तान की सैन्य क्षमता बढ़ेगी जिससे उसे आतंकवाद विरोधी अभियानों में मदद मिलेगी।' अमेरिकी विदेश विभाग की उप प्रवक्ता मेरी हर्फ ने कहा, 'ये हेलीकॉप्टर और मिसाइलें पाक को आतंकवाद से निपटने के लिए दी जा रही हैं।' प्रवक्ता से पूछा गया कि क्या अमेरिका को पूरा भरोसा है कि पाकिस्तान उसे दी जानी वाली मदद का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं करेगा? उन्होंने कहा, हमारे पास नजर रखने के कई तरीके हैं कि हमने जो हथियार बेचे हैं, उनका इस्तेमाल किस काम में किया जा रहा है। हमें इसकी काफी फिक्र है।'

**5925.25 करोड़ रु. का सौदा**

अमेरिका विदेश विभाग ने पाकिस्तान से 95 करोड़ 20 लाख डॉलर (करीब 5925.25 करोड़ रुपए) के रक्षा सौदे को मंजूरी दी है। इसके तहत पाकिस्तान को अमेरिका की तरफ से जल्द ही 15 एएच-1 जेड लड़ाकू हेलीकॉप्टर, 1000 हेलफायर मिसाइलें और अन्य हथियार दिए जाएंगे।

**मुंबई ब्लास्ट**

## याकूब मेमन की फांसी की सजा बरकरार



**नई दिल्ली** | सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब रजाक मेमन की फांसी की सजा बरकरार रखी है। जस्टिस एआर दवे की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने गुरुवार को पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी। याकूब ने फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने का आग्रह किया था।

मेमन ने अपनी याचिका में फांसी की सजा निरस्त करने की मांग करते हुए दलील दी थी कि वह करीब 19 साल से जेल में है जो उम्रकैद की सजा से भी ज्यादा है। वह उम्रकैद काट चुका है। ऐसे में उसे फांसी नहीं दी जा सकती क्योंकि एक अपराध के लिए दो सजा नहीं हो सकती।

**टाडा कोर्ट ने दी थी सजा**

मेमन ने दाऊद इब्राहिम और टाइगर मेमन के साथ मिलकर मुंबई बम धमाकों की साजिश रची थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 21 मार्च 2013 को टाडा कोर्ट से मिली उसकी फांसी की सजा को बहाल रखा था। पुनर्विचार याचिका पर पिछले साल दो जून को सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा पर रोक लगाई थी।

**हिमाचल में हादसे**

## खाई में गिरी बस, आठ लोगों की मौत

**नेरवा** | उत्तराखंड के विकासनगर से त्यूणी जा रही एक बस फेडिज पुल के पास खाई में जा गिरी। दुर्घटना स्थल नेरवा से करीब 18 किमी दूर है। दुर्घटना में सात लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक की मौत अस्पताल ले जाती हुए हुई। पंद्रह लोग घायल हो गए हैं। दुर्घटना का कारण बस का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है।

एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही नेरवा और उत्तराखंड के त्यूणी से पुलिस और प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंचे तथा घायलों को बाहर निकलवाया। बताते हैं कि यह बस काफी पुरानी थी तथा इसका चार बार एक्सीडेंट हो चुका था। विकासनगर से त्यूणी जा रही बस करीब 3.15 मिनट पर सदैज पुल के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर करीब 350 फीट गहरी खाई में जा गिरी।

**रूपी में बोलेरो गिरी, चार की मौत**

**रिकांगपिओ** | किन्नौर जिला के चौरा-रूपी संपर्क मार्ग पर बोलेरो कैंपर के ऊपर चट्टान गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य ने अस्पताल जाते हुए रास्ते में दम तोड़ दिया। एक घायल को शिमला रैफर किया गया हे। पुलिस जानकारी के अनुसार बोलेरो कैंपर रामपुर की और जा रही थी।






**भास्कर ख़ास**

**देश में पहली बार अहमदाबाद के डॉक्टर्स ने ईजाद किया हार्ट वॉल्व बदलने का नया तरीका**


# सीने में छोटा सा छेद किया, बदल गया हार्ट वॉल्व

**समीर राजपूत | अहमदाबाद**

खराब हो चुके दिल के वॉल्व को बदलने के लिए अभी ओपन हार्ट सर्जरी का सहारा लेना पड़ता है। या फिर ट्रांस केथेटर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) प्रोसिजर इस्तेमाल में लाया जाता है। टीएवीआर में जांघ या फिर कंधों से गुजरने वाली मुख्य नसों (आर्टरी) के जरिए आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक पहुंचाया जाता है। इस प्रोसिजर में भी कई बार उम्र और आर्टरियों में ब्लॉकेज की समस्या आड़े आ जाती है। ऐसे में ओपन हार्ट सर्जरी का ही विकल्प बचता है। लेकिन अहमदाबाद के डॉक्टरों ने इसी प्रोसिजर में थोड़ा बदलाव करते हुए वॉल्व बदलने का नया और आसान तरीका खोजा है।

### बिना सर्जरी इस तरह से बदला वॉल्व

अहमदाबाद के सिम्स अस्पताल में डॉक्टरों ने टीएवीआर प्रोसिजर में थोड़ा सा बदलाव किया है। अस्पताल के निदेशक डॉ. धीरेंद्र शाह के मुताबिक 82 वर्ष के मरीज का वॉल्व बदलना था। मरीज के फेफड़े-गुर्दे कमजोर हो चुके थे। इसलिए ओपन हॉर्ट सर्जरी में जोखिम था। दिल की छह आर्टरियों में ब्लॉकेज भी था। लिहाजा जांघ या कंधे से गुजरने वाली मुख्य नसों के जरिए आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक नहीं पहुंचाया जा सकता था। लिहाजा ऑपरेशन करने वाले डॉ. मिलन चग और उनकी टीम ने प्रोसिजर बदलते हुए मरीज के दिल के ऊपरी हिस्से अयोटा के ऊपर महज दो सेंटीमीटर का छेद किया। इसके जरिए ओयटा तक ट्रांस केथेटर पहुंचाया और अंदर बलून फुला कर वॉल्व बदल दिया। इस तरह से वॉल्व बदलने का यह देश में पहला मामला है। यहां 20 फीसदी ओपन हार्ट सर्जरी केवल वॉल्व बदलने के लिए की जाती हैं।




बिना ओपन हार्ट सर्जरी के ऊपरी हिस्से से वॉल्व बदलने का यह पहला मामला है।
**-डॉ. समीर दाणी,**
**कार्डियोलॉजिस्ट,अपोलो, गांधीनगर**

इस तरह वॉल्व बदलने का यह नया और पहला मामला है। ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाई देता हूं।
**-डॉ. अतुल माथुर,**
**कार्डियोलॉजिस्ट, फोर्टिस-एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली**